# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बेनीपुर

(Email-eerwdbenipur@gmail.com 8986915347)

पत्रांक– 614 बेनीपुर / दरभंगा दिनांक– 21/06/2024

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, बेनीपुर।

सेवा में,

MOHAMMAD TAUKIR AHMAD
Son of Harun Rasid,
Vill+Po-Gadaul, P.S- Alinagar
Dist-Darbhanga, Pin-847423,
Email Id-taukirahamadalinagar@gmail.com
Ph No-8651134020

विषयः– शीर्ष MMGSY(SC) राज्य योजना अन्तर्गत पथ "टी01(गरौल) से विशहर स्थान" के पंचवर्षीय अनुरक्षण एवं पुर्नस्थापन नहीं करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि निरीक्षण के कम में आपकी सड़क की स्थिति जर्जर पाई गई। लगभग 200 मी0 में सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। जिसका पुर्नस्थापन करने का निदेश दिया गया था। विदित हो सडक को अच्छी स्थिति में हर समय रखना आपका दायित्व है। परन्तु आपके द्वारा बार–बार दिये गये निदेश के बावजूद भी न तो पुर्नस्थापन का कार्य किया गया न तो पंचवर्षीय अनुरक्षण का कार्य कराया गया। यह एकरारनामा की कंडिका 3, 14 एवं 17 का उल्लंघन है। पूर्व में भी आपको इस कार्यालय के पत्रांकः–438 दिनांकः–01.06.2021 द्वारा चेतावनी दी गई थी। परन्तु आपके द्वारा कार्य में कोई भी प्रगति नहीं लाई गई। अतः आपको डिबार सूची में शामिल करने की अनुशंसा की जाती है।

अगर आपके द्वारा एक सप्ताह के अन्दर सड़क की मरम्मति करते हुए जियो टैग फोटोग्राफ के साथ अधोहस्ताक्षरी को समर्पित नहीं किया जाता है, तो इसे अन्तिम चेतावनी मानते हुए आपके एकरारनामा को विखंडित कर दिया जाएगा। तत्पश्चात अमानत / जमानत की राशि जब्त करते हुए आपके निबंधन को कालीकृत करने की कार्रवाई की जाएगी।

विश्वासभाजन

21/06/24

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बेनीपुर।

Scanned with CamScanner